वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415 / 2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh BhandariUttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांकः 3640 / वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0 / 2025 दिनांकः 24.01.2025

तत्काल

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
विश्वविद्यालय के कैम्पस, सम्बद्ध व स्वयत्तशासी संस्थान,
वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0, देहरादून।

विषयः—शैक्षिक सत्र 2024—25 मे संस्थानों के छात्र / छात्राओं का सम—सेमेस्टर हेतु ऑन—लाइन पंजीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पूर्व में निर्गत शैक्षिक सत्र 2024—25 एकेडमिक कलैण्डर संख्या—2384 / यू0टी0यू0 / ए0सी0 / 2024—25, दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सम्बद्ध संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2024—25 में दिनांक 27 जनवरी, 2025 से 30 जनवरी, 2025 तक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेज / संस्थानों के छात्र—छात्राओं का सम—सेमेस्टर हेतु ऑन—लाइन पंजीकरण कराया जाना है। पंजीकरण के तत्काल बाद से कक्षाओं को प्रारम्भ किया जाना होगा एवं दिनांक 31 जनवरी, 2025 से शैक्षणिक पठन—पाठन सुचारू रूप से सम्पादित किया जायेगा। उक्त सीमा तक यथा प्रभावी शैक्षणिक कैलेण्डर को संशोधित समझा जायेगा।

उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि शैक्षिक सत्र 2024—25 एकेडमिक कलैण्डर हेतु सम्बद्ध कॉलेज / संस्थानों के छात्र—छात्राओं का सम—सेमेस्टर हेतु ऑन—लाइन पंजीकरण कराने तथा कक्षाओं को प्रारम्भ करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
3. परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
4. उप—कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून को यू0एम0एस0 के माध्यम से निर्धारित तिथि से पंजीकरण की कार्यवाही कराने हेतु प्रेषित।
5. वैब मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित संस्थानों को ई0मेल0 के माध्यम से पत्र प्रेषित करना एवं विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव